भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1477

उत्तर देने की तारीख 12 फरवरी, 2026 (गुरूवार)

23 माघ, 1947 (शक)

प्रश्न

पीएम-डिवाइन के अंतर्गत परियोजनाओं का क्रियान्वयन

1477 श्री राजीब भट्टाचार्जीः

श्री कणाद पुरकायस्थः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले एक वर्ष में प्रधानमंत्री उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास पहल (पीएम-डिवाइन) के अंतर्गत स्वीकृत एवं भूमिपूजित परियोजनाएँ कौन-कौन सी हैं, त्रिपुरा सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) संस्वीकृत समय-सीमा की तुलना में उक्त परियोजनाओं में अब तक क्या भौतिक एवं वित्तीय प्रगति हुई है;

(ग) क्या विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप देने, भूमि अधिग्रहण या राज्य की क्षमता संबंधी बाधाओं के कारण क्रियान्वयन में देरी हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) तृतीय-पक्ष निगरानी और परिणाम सत्यापन किस प्रकार किया जा रहा है; और

(च) कम प्रगति वाली परियोजनाओं के संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख) पीएम-डिवाइन स्कीम के अक्तूबर 2022 में प्रारंभन से और दिनांक 31.01.2026 तक पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए इस स्कीम के अंतर्गत 6044.36 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 48 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिसमें त्रिपुरा के लिए 561.00 करोड़ रुपये की 4 परियोजनाएं शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, इस स्कीम के तहत 948.26 करोड़ रुपये की कुल 12 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनका राज्य-वार विवरण और वास्तविक एवं वित्तीय प्रगति **अनुबंध** में दी गई है।

(ग) से (च) पीएम-डिवाइन स्कीम के तहत परियोजनाएं स्कीम के दिशानिर्देशों में निर्धारित संरचनागत मूल्यांकन एवं अनुमोदन प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकृत की जाती हैं। परियोजनाओं की समय पर स्वीकृति और कार्यान्वयन सुसाध्य बनाने के लिए, मंत्रालय ने वेब-आधारित प्रणाली के माध्यम से मूल्यांकन, अनुमोदन एवं निधि जारी करने की प्रक्रिया को आसान बनाया है। परियोजना प्रस्ताव को ऑनलाइन प्रस्तुत करने और ट्रैक करने तथा संबंधित मंत्रालयों के साथ परामर्श करने का कार्य पूर्वोत्तर

विकास सेतु (पीवीएस) पोर्टल द्वारा किया जाता है। इसके अलावा, रूपरेखा को तर्कसंगत बनाया गया है, जिससे परियोजना प्रस्ताव का एकल चरणीय मूल्यांकन और अनुमोदन संभव हुआ है।

पीएम-डिवाइन स्कीम के तहत, संबंधित राज्य सरकारें/कार्यान्वयन एजेंसियां (आईए) परियोजनाओं की संकल्पना तैयार करती हैं एवं इन्हें निष्पादित करती हैं तथा निष्पादित करने और मॉनिटर करने की मुख्य जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय/उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) आवधिक प्रगति रिपोर्ट, समीक्षा बैठकों और फील्ड निरीक्षणों के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति पर नज़र रखती है।

परियोजनाओं की तृतीय पक्ष मॉनिटरिंग के लिए परियोजना गुणवत्ता मॉनिटर (पीक्यूएम) और तृतीय पक्ष तकनीकी निरीक्षण एजेंसियां (टीपीटीआई) तैनात की गई हैं। इसके अलावा, कार्यान्वयन एजेंसियों की मदद करने, गतिरोधों को दूर करने और समय पर निष्पादन को सुसाध्य बनाने के लिए सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्र तकनीकी सहायता इकाइयां (एफटीएसयू) स्थापित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) शिलांग द्वारा स्कीम के मूल्यांकन से भी स्कीम के स्वतंत्र आकलन में मदद मिली।

संरचित मॉनिटरिंग और निगरानी तंत्रों के माध्यम से मंत्रालय उन मुद्दों पर राज्य सरकारों/अन्य एजेंसियों और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों का ध्यान आकर्षित करना है, जिन पर अतिरिक्त ध्यान देने की ज़रूरत होती है, ताकि पीएम-डिवाइन स्कीम के तहत परियोजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके।

*****

अनुबंध

"पीएम-डिवाइन के तहत परियोजनाओं का क्रियान्वयन" विषय पर राज्य सभा में दिनांक 12 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 1477 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य-वार स्वीकृत और शुरू की गई पीएम-डिवाइन परियोजनाएं तथा उनकी विस्तविक और वित्तीय प्रगति को दर्शाने वाला विवरण (31.01.2026 तक)

क्र. सं.	राज्य/एजेंसी	परियोजना	स्वीकृत होने की तारीख	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)	वास्तविक प्रगति	वित्तीय प्रगति
1	अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना	13.06.2024	217.19	44%	49%
2	नागालैंड	पॉलिटेक्निकों में शैक्षिक अवसंरचना/सुविधाओं का विकास	13.06.2024	30.00	92%	93%
3	नागालैंड	सीआईएचएसआर, दीमापुर, नागालैंड में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी फैसिलिटी का अपग्रेडेशन	13.06.2024	34.50	60%	56%
4	मेघालय	मावकडोक, सोहरा, मेघालय में स्काईवॉक और टूरिस्ट हब का विकास	29.10.2024	50.90	10%	24.67%
5	मेघालय	शिलांग पीक, शिलांग, मेघालय में पैसेंजर रोपवे परियोजना के लिए अंतराल वित्तपोषण	09.01.2025	70.11	3%	25%
6	सिक्किम	सिचे, पूर्वी सिक्किम में 100 छात्रों की वार्षिक दाखिला क्षमता वाले गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए अंतराल वित्तपोषण	25.11.2024	167.9	99%	100%
7	मणिपुर	धनमंजुरी यूनिवर्सिटी, थांगमेइबंद, इम्फाल, पश्चिम मणिपुर का अवसंरचना विकास	13.06.2024	70.00	60%	46%
8	मणिपुर	मणिपुर में दूर-दराज और पहाड़ी जिलों में सुपर स्पेशियलिटी और	20.11.2024	104.66	23.2%	11.31%

		एश्योर्ड स्पेशियलिटी हेल्थ केयर की सुविधाएं प्रदान करना (अवसंरचना और उपकरण)				
9	मणिपुर	वाखा, इंफाल ईस्ट, मणिपुर में संस्कृति विश्वविद्यालय का अवसंरचना विकास	24.09.2024	31.19	78%	61%
10	बीबीसीआई*	डॉ. बी. बरूआ कैंसर संस्थान (बीबीसीआई), गुवाहाटी, असम में कौशल विकास केंद्र की स्थापना	13.06.2024	35.12	7%	10.36%
11	एनईएचएचडीसी **	दुनिया के सबसे अनोखे पॉटरी आर्ट फॉर्म यानी मणिपुर की लोंगपी ब्लैक पॉटरी को बढ़ावा देने के लिए एक कलाकार गांव की स्थापना	24.06.2024	35.74	10%	22.58%
12	आईआईसीए ***	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ कॉर्पोरेट अफेयर्स (आईआईसीए) के क्षेत्रीय परिसर (कैंपस) की स्थापना	05.03.2025	100.95	0%	0%

* बीबीसीआई - डॉ. भुवनेश्वर बरूआ कैंसर संस्थान

** एनईएचएचडीसी - उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड

*** आईआईसीए - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ कॉर्पोरेट अफेयर्स

*****